दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, मंगलवार 13 अप्रैल 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 192

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अनियंत्रित ट्रक ने 11 लोगों को कुचला, 3 की मौत

**इटावा (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के इटावा के बकेवर थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कार का टायर पंचर होने पर सड़क पर खड़े एक ही परिवार के 11 लोगों को ट्रक ने कुचल दिया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में घायल 8 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा कहा है कि कार सवार पंचायत चुनाव में वोट डालने के लिए झांसी जा रहे थे। बता दें कि यह हादसा इटावा के नेशनल हाइवे-19 पर सोमवार तड़के सुबह 4 बजे के आसपास हुआ। बकेवर थाना क्षेत्र में बिजौली के पास कार का पहिया बदलते वक्त पीछे से एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। इसमें 11 लोग ट्रक की चपेट में आ गए। इस हादसे के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुँच कर पीड़ितों की हर संभव मदद करने तथा दुर्घटना में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट के 50 फीसदी से ज्यादा कर्मचारी संक्रमित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में बेकाबू हुई कोरोना वायरस की दूसरी लहर का कहर जारी है। जहां एक ओर देश में कोरोना के नए केस को लेकर हर दिन रिकॉर्ड टूट रहे हैं। वहीं अब कोरोना का प्रकोप देश की सर्वोच्च अदालत में भी दिखाई दे रहा है। सुप्रीम कोर्ट के 50 फीसदी से अधिक कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में इन हालातों को देखते हुए फैसला किया गया है कि अब से सुप्रीम कोर्ट के सभी जज अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई करेंगे। वहीं सुप्रीम कोर्ट को सैनिटाइज किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने के मामले आने के बाद कोर्ट रूम समेत पूरे अदालत परिसर को सैनिटाइज किया जा रहा है, इसके चलते आज सभी बेंच निर्धारित समय से एक घंटा देरी से बैठेंगी। बता दें कि सोमवार को देश में रिकॉर्ड एक लाख 70 हजार से ज्यादा नए कोरोना मरीज मिले हैं, जोकि महामारी के दस्तक देने से लेकर एक दिन में मिले मरीजों की सर्वाधिक संख्या है। मौतों का आंकड़ा भी लगातार डरा रहा है। अकेले सोमवार को ही कोरोना से देशभर में नौ सौ से ज्यादा लोगों की जान चली गई है।


### बाईपास सर्जरी के बाद राष्ट्रपति भवन लौटे कोविंद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को कहा कि वह यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बाईपास सर्जरी कराने के बाद राष्ट्रपति भवन लौट आए हैं। कोविंद ने ट्वीट किया कि अपनी सर्जरी के बाद मैं राष्ट्रपति भवन लौट आया हूं। मेरे शीघ्र स्वस्थ होने में आप सभी की शुभकामनाओं और प्रार्थनाओं तथा एम्स के चिकित्सकों एवं नर्सों द्वारा की गई असाधारण देखभाल की अहम भूमिका रही। मैं हर किसी का शुक्रगुजार हूं ! मैं घर लौटने से खुश हूं। कोविंद (75) की 30 मार्च को यहां एम्स में बाईपास सर्जरी (हृदय) की गई थी।

# देश में फूटा कोरोना बमः एक दिन में 1.69 लाख नए मरीज, 900 से ज्यादा की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना वायरस की दूसरी लहर अपना कहर बरपा रही है। सोमवार को देश में एक दिन में मिलने वाले कोरोना संक्रमण के मामलों के अब तक के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए हैं। बीते 24 घंटों में रिकॉर्ड करीब 1.69 लाख नए कोरोना मरीज मिले हैं और 900 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को जो आंकड़े जारी किये है, वह किसी कोरोना बम विस्फोट से कम नहीं है। जिस तरह देश में कोरोना संक्रमण सुरसा की तरह मुहं बा रहा है उसमें कोरोना वायरस के नए मामले और संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या ने लोगों में खौफ पैदा हो रहा है। देश में पिछले पांच दिन से लगातार



एक लाख से ज्यादा नए मरीज मिल रहे हैं। रविवार को यह संख्या 1.52 लाख के पार पहुंच गई।

**छह महीने बाद 900 से ज्यादा मौतें-** देश में नए संक्रमितों के साथ मौत का आंकड़ा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटों में अब तक सर्वाधिक रिकॉर्ड बढ़ोतरी के साथ कोरोना संक्रमण के 1,68,912 नए मामले दर्ज किए गए हैं, इसी के साथ देश में संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 1,35,27,717 पहुंच गए हैं। बीते 24 घंटों में 904 लोगों ने कोरोना की वजह से दम तोड़ दिया।कोविड से मरने वालों की संख्या 1,70,179 हो गई। यह पिछले 6 महीने में एक दिन में जान गंवाने वालों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले पिछले साल 17 अक्तूबर को सबसे ज्यादा 1,032 लोगों की मौत हुई थी।

**अब तक 1.35 करोड़ लोग संक्रमित-** देश में अब तक 1 करोड़ 35 लाख 25 हजार 379 से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं। इनमें से 1 करोड़ 21 लाख 53 हजार लोग ठीक हो चुके हैं। 1 लाख 70 हजार 179 मरीजों की मौत हो गई।

**भारत ने नए दैनिक मामलों में सबको पीछे छोड़ा-** दुनिया भर में नए कोरोना मरीज मिलने के मामले में अमेरिका और ब्राजील को पीछे छोड़कर भारत पहले नंबर पर आ गया है। कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित देशों की सूची में पहले नंबर पर अमेरिका, दूसरे नंबर पर ब्राजील और तीसरे नंबर पर भारत था। ब्राजील को पीछे छोड़ भारत दूसरे नंबर पर आ गया है। सोमवार को अमेरिका में 47,864, भारत में 69,914 और 37,537 नए कोरोना मरीज मिले। बता दें कि दुनिया भर में भारत इकलौता देश है, जहां फिलहाल डेढ़ लाख से ज्यादा नए कोरोना मरीज मिल रहे हैं।

**टीकाकरणः 10.45 करोड़ से ज्यादा लोगों लगी वैक्सीन-** देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान जारी है। कोविड टीकाकरण के तीसरे चरण के तहत 45 साल से ऊपर वालों को भी कोविड वैक्सीन लगाई जा रही है। वहीं रविवार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार दिवसीय टीका उत्सव शुरू किया है, जिसके तहत ज्यादा से लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील की है। देश में अब तक 10,45,28,565 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है।

**अब तक इतने लोगों की हुई जांच-** देश में तेजी बढ़ते संक्रमण के मामलों के बीच कोरोना की जांच में तेजी लाई जा रही है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक, रविवार शाम तक 25,78,06,986 नमूनों की कोविड जांच हो चुकी है। इनमें से 11,80,136 नमूनों की रविवार को जांच की गई है।

## मुंबई से यूपी-बिहार के लिए समर स्पेशल ट्रेनें शुरू

### » बढ़ी यात्रियों की भीड़ के कारण लिया निर्णय

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कोरोना काल में रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे ने उत्तर प्रदेश और बिहार के लिए अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। इसके तहत सेंट्रल रेलवे पुणे ने बिहार के भागलपुर और दानापुर के बीच अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू करा दिया है। साथ ही पश्चिमी रेलवे ने समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

रेलवे के मुताबिक पुणे से बिहार के भागलपुर और दानापुर के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। इन स्पेशल ट्रेनों का परिचालन आज यानी सोमवार से शुरू कराया गया है। इन ट्रेनों में टिकट बुकिंग के बाद ही यात्री सफर कर सकते हैं। रेलवे की ओर से जारी नोटफिकेशन के अनुसार ट्रेन नंबर 01427 समर स्पेशल का परिचालन 12, 16 और 20 अप्रैल को किया जाएगा। वहीं, भागलपुर से समर स्पेशल ट्रेन 13, 17 और 21 अप्रैल को चलेगी। वहीं, ट्रेन नंबर 01427 पुणे-भागलपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन 12 अप्रैल से किया जाएगा। यह ट्रेन पुणे से सुबह छह बजकर 10 मिनट पर रवाना होगी और अगले दिन शाम को 17 बजकर 30 मिनट पर भागलपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन 12 अप्रैल, 16 अप्रैल और 20 अप्रैल को पुणे से चलेगी। इधर पश्चिमी रेलवे ने मुंबई और पुणे उत्तर प्रदेश के लखनऊ और गोरखपुर के लिए समर स्पेशल ट्रेनें शुरू की हैं।

## 45 वर्ष से ऊपर वालों को टीका लगाने के निर्णय को अदालत में चुनौती

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर 45 वर्ष से अधिक आयु के केवल 'प्राथमिकता वाले आयु समूहों' को कोविड-19 का टीका लगाने के केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई है और सभी नागरिकों के लिए इसकी खुराक देने का अनुरोध किया गया है।

राजनीतिक कार्यकर्ता एवं स्तंभकार तहसीन पूनावाला की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि देश में प्रतिदिन सामने आने वाले कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी हुई है और नौ अप्रैल को 1.31 लाख नये मामले सामने आये थे।




इसमें कहा गया है कि इससे सभी आयु समूहों और विशेष रूप से श्वसन बीमारियों जैसी अन्य बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए कोविड-19 टीकाकरण के लिए अनुमति दिये जाने की आवश्यकता बढ़ गई है, जिन्हें वायरस की चपेट में आने के खतरे बावजूद टीके के जरिये संरक्षण का विकल्प नहीं दिया गया है। अर्जी में कहा गया है कि कोविड-19 संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि के बीच आयु-समूहों को लेकर यह मनमानी रोक है। यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाना जरूरी हो गया है कि टीका केवल 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए ही उपलब्ध नहीं हो बल्कि 45 वर्ष से कम आयु के ऐसे सभी व्यक्तियों के लिए भी उपलब्ध हो जिन्हें ऐसे काम पर लगाया जाता है जिससे उन्हें हर दिन बाहर जाना पड़ता है और ऐसे उन सभी व्यक्तियों को भी, जो अन्य बीमारियों से पीड़ित हैं।

अर्जी में कहा गया है कि अन्य बीमारियों से पीड़ित होने के बावजूद 45 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को स्वीकृत टीके की उपलब्धता पर रोक मनमानी, अनुचित है, अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है जो जीवन का अधिकार प्रदान करता है, यह अनुच्छेद 14 का भी उल्लंघन है जिसमें सभी नागरिकों के लिए समानता का अधिकार प्रदान किया गया है। याचिका में देश के सभी नागरिकों को कोविड-19 का टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वह अपनी नीति में प्रभावी बदलाव करे।

# दस राज्यों में तेजी से कोहराम मचा रहा है कोरोना उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 12,01,009

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के 10 राज्यों- महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और कुल दैनिक मामलों के 83.02 प्रतिशत मामले इन्हीं राज्यों में ही सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं और पिछले 24 घंटे में संक्रमण के अब तक के सर्वाधिक 1,68,912 मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 63,294 दैनिक मामले सामने आए है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 15,276 और दिल्ली में



10,774 नए मामले आए हैं। महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, दिल्ली, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, केरल, तेलंगाना, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में नए मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 12,01,009 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 8.88 प्रतिशत है। देश में एक दिन में उपचाराधीन लोगों की संख्या में 92,922 मामलों की बढ़ोतरी हुई। देश के कुल उपचाराधीन मामलों के 70.16 प्रतिशत मामले महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और केरल में हैं। कुल उपचाराधीन मामलों के 47.22 प्रतिशत केवल महाराष्ट्र में हैं। भारत में संक्रमित होने के बाद अब तक 1,21,56,529 मरीज ठीक हो चुके हैं और पिछले 24 घंटों में 75,086 लोग स्वस्थ हुए हैं।

इसके अलावा, दैनिक मृतक संख्या भी लगातार बढ़ रही है और पिछले 24 घंटे में 904 लोगों की इस बीमारी से मौत हो गई। कुल मृतक संख्या में से मौत के 89.16 प्रतिशत मामले 10 राज्यों में सामने आए। महाराष्ट्र में सर्वाधिक लोगों (349) की मौत इस वायरस से हुई। इसके बाद छत्तीसगढ़ में 122 लोगों की मौत हुई।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी आईएनएस विराट को तोड़ने की मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद अब युद्धपोत आईएनएस विराट को तोड़ने का काम फिर से शुरू किया जाएगा। मसलन आईएनएस विराट को संग्रालय के रूप में बनाए जाने की मांग करने वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि याचिका देर से दायर की गई।

सोमवार को अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता सर्वोच्च न्यायालय में देर से आए। 40 प्रतिशत जहाज पहले ही तोड़ा जा चुका है। हम उसके तोड़े जाने में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। वहीं याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि भले ही जहाज का 40 फीसदी हिस्सा नष्ट हो गया हो, लेकिन इसकी मरम्मत की जा सकती है और इसे संग्रहालय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है और अगर तोड़ा गया तो यह एक राष्ट्रीय नुकसान होगा। हालांकि, भारत के मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे ने कहा कि किसी ने जहाज के लिए भुगतान कर दिया था। जहां तक राष्ट्रवाद की बात है हम आपके साथ हैं लेकिन आपको बहुत देर हो चुकी है। इससे पहले की सुनावई में सुप्रीम कोर्ट ने युद्धपोत को तोड़ने पर रोक लगा दी थी। विमान वाहक पोत विराट को 1987 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। साल 20217 में आईएनएस विराट को सेना से रिटायर कर दिया गया था। जिसके बाद इसके बाद श्रीराम ग्रुप की शिप ब्रेकर कम्पनी ने इसी साल नीलामी में 38.54 करोड़ रुपये में विराट को खरीद लिया था।

## देश में वैक्सीन बनाने की रफ्तार में आएगी तेजी, जुलाई तक किया जाएगा 12 मिलियन डोज का प्रोडक्शन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने जुलाई तक स्वदेशी कोवैक्सीन का उत्पादन दोगुना से भी ज्यादा यानी 5 मिलियन से 12 मिलियन तक करने को तैयार है जिससे कोविड की दूसरी लहर के बीच भारत के वैक्सीनेशन अभियान को बढ़ावा मिल सके.

रिपोर्ट के मुताबिक बेंगलुरु में कोवैक्सिन का उत्पादन शुरू करने के लिए टेस्ट लाइसेंस मिल गया है. वहीं केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला को फाइनल अप्रूवल के लिए




भेजे जाने से पहले हैदराबाद में ही वैक्सीन से संबंधित सारी जरूरी चीजे मुहैया करवा दी जाएगी.

इस वक्त पूरे देश में कोरोना के दूसरे लहर ने कहर मचा दिया है. संक्रमित मामले लगातार रिकॉर्ड दर्ज कर रहे हैं. रोजाना सामने आने वाले नए संक्रमित मरीजों की संख्या हाल ही में 1 लाख के आंकड़े छू चुकी है. जो कि कोरोना की शुरुआत से लेकर अब तक का ये सबसे बड़ा आंकड़ा है.

वहीं मिली जानकारी के अनुसार भारत बायोटेक ने अपने टीके कोवैक्सिन के लिए उत्पादन की क्षमता का विस्तार करने के लिए सरकार से 150 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मांगी है.

## सुप्रीम कोर्ट में कुरान से 26 आयतें हटाने की याचिका नामंजूर

### » याचिकाकर्ता वसीम रिजवी पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कुरान शरीफ की आयतों के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता वसीम रिजवी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया है।

उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष वसीम रिजवी ने कुरान की 26 आयतों को हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस आरएफ नरीमन की अगुवाई वाली बेंच ने इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने कुरान की आयतों के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मुझे इस एसएलपी के बारे में सारे तथ्य पता हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह एसएलपी नहीं रिट है और आप अपनी याचिका को लेकर कितने गंभीर हैं। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मदरसों में यह आयतें



पढ़ाई जाती हैं, छात्रों को इससे मिसगाइड किया जाता है। इन्हीं आयतों को पढ़ाकर और समझा कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवादी तैयार किए जाते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह निराधार याचिका है। कोर्ट ने इसके साथ ही पचास हजार रुपये जुर्माना लगाकर याचिका खारिज कर दी।

**दावाः इन आयतों से अखडंता और एकता को है खतरा-** रिजवी ने अपनी याचिका में कहा था कि कुरान की 26 आयतें आतंक को बढ़ावा देने वाली हैं और उन्हें हटाया जाना चाहिए ताकि आतंकी गतिविधियों से मुस्लिम समुदाय का नाम न जुड़ सकें। याचिका दाखिल करने से पहले याचिकाकर्ता रिजवी ने एहतियातन मूल सवाल और याचिका की प्रति देशभर के 56 रजिस्टर्ड इस्लामिक संगठनों और संस्थानों को भी अपना रुख साफ करने के लिए भेजा था। वसीम रिजवी का कहना था कि जब पूरे कुरान पाक में अल्लाहताला ने भाईचारे, प्रेम, खुलूस, न्याय, समानता, क्षमा, सहिष्णुता की बातें कही हैं, तो इन 26 आयतों में कत्ल व गारत, नफरत और कट्टरपन बढ़ाने वाली बातें कैसे कह सकते हैं। इन आयतों का इस्तेमाल कर मुस्लिम युवकों को बरगलाया जा रहा है। इन्हीं की वजह से देश की एकता और अखंडता पर खतरा है।